# भू-माफियाओं के चंगुल से 14 बीघा सरकारी जमीन छुड़वाई, लेकिन एफ.आई.आर तक दर्ज नहीं करवाई

## जयपुर के बीचों-बीच सेंट्रल पार्क, जामडोली व बगराना में किया गया था सरकारी भूमि पर कब्जा और अवैध निर्माण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को करोड़ों रुपये की 14 बीघा सरकारी जमीन को भू-माफियाओं के चंगुल से छुड़वाया, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि किसी के भी खिलाफ मुकदमा तक दर्ज नहीं कराया गया। सिर्फ संबंधित जोन उपायुक्त को इस जमीन का सदुपयोग करने के लिए पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ, प्रवर्तन शाखा की तमाम कोशिशों के बावजूद जोन उपायुक्त इन सरकारी जमीनों को लेकर गंभीर नहीं है। इसी का नतीजा है कि जेडीए की आये दिन की कार्रवाई के बावजूद जयपुर शहर में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का खेल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा।

मजेदार बात यह है कि मंगलवार को जयपुर शहर के बीचोंबीच सेंट्रल पार्क के पास भी बेशकीमती भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया है। इसके अलावा जामडोली में तो 10 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा करके भू-माफिया ने फार्म हाऊस की स्कीम तक काट डाली थी। बगराना और दूसरी जगह पर भी अवैध बाउंड्रीवाल, ग्रेवल रोड और अन्य निर्माण कर कॉलोनी काट दी गई।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि स्टेच्यू सर्किल स्थित सैंट्रल पार्क, जैन नसियां के पास की सरकारी भूमि पर भूमाफियों द्वारा रातों-रात कब्जा-



जेडीए की प्रवर्तन टीम ने आगरा रोड स्थित जामडोली में सरकारी भूमि पर हुए अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से हटाया।

अतिक्रमण कर खुदाई कर खम्भे गाड़कर कब्जा करने की सूचना मिली। इस पर मंगलवार को प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-1 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माझ ध्वस्त किया। मजेदार बात यह है कि उपनियंत्रक प्रवर्तन से लेकर जोन के अधिकारी और पुलिस जाप्ता मौके पर मौजूद रहा और सरकारी भूमि को अतिक्रमण भी हटाया, लेकिन किसी ने भू-माफिया के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने की जहमत तक नहीं उठाई। इसी प्रकार जोन-10ए के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में ग्राम पुराना बगराना में खसरा नं.-242 की 2 बीघा सरकारी भूमि पर रातोंरात कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर लिया था, जिसे भी हटाया। इसी तरह जामडोली स्थित रूपा की नांगल में

- **जयपुर विकास प्राधिकरण के इसी रवैये के कारण बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का सिलसिला नहीं थम रहा**
- **जामडोली स्थित रूपा की नांगल में तो भू-माफिया ने 10 बीघा जमीन पर कब्जा करके फार्म हाऊस की स्कीम तक काट डाली थी**

10 बीघा सरकारी भूमि पर भू-माफिया ने रातोंरात बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर फार्म हाऊस की योजना काट दी। हालांकि मंगलवार को मौके पर पहुंची जेडीए टीम ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण ध्वस्त किया, लेकिन यहां भी भू-माफिया के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई।

इसी प्रकार रतन होटल के पास, खसरा नं. 9 की दो बीघा सरकारी भूमि से भी अवैध निर्माण हटाए गए। प्रवर्तन शाखा ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में जोन उपायुक्त को पत्र लिखकर सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोग करने के लिए पत्र लिखा।

# चाकू की नोंक पर महिला से दुष्कर्म


**जयपुर** । शिवदासपुरा थाना इलाके में लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बैङ्गाकर सुनसान जगह ले जाकर चाकू की नोक पर महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के विरोध करने का पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि वह गत दो दिन पहले दवाई लेने निवाई जाने के लिए निकली थी। वाटिका पुलिया पर पैदल जाते समय एक बाइक सवार युवक पीछे से आया। युवक ने बाइक रोकी और निवाई तक लिफ्ट देने की बात कही। इस पर पीड़िता उसकी बाइक पर बैङ्ग गई। आरोपी ने निवाई की जगह रिंग रोड से दूसरी तरफ शिवदासपुरा की तरफ बाइक मोड़ ली। गलत रास्ते पर ले जाने की कहने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और चुपचाप बैठे रहने के लिए कहा। धमकी के बाद उसने शोर मचाया तो आरोपी युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाल मारने की धमकी देकर चुप रहने के लिए कहा। इसके बाद सुनसान जगह ले जाकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद खुद की चाय की दुकान पर ले गया और किसी को बताने पर मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। किसी तरह वह घर लौटी और परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता की ओर से आरोपी बाइक सवार युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# तीन गौवंश की मौत की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित करने की मांग उठी

## अधिवक्ता आयुष मल्ल ने इस मामले में खुद व्यक्तिगत पार्टी बनकर न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-9 जयपुर मेट्रो प्रथम में प्रार्थना पत्र भी पेश किया





आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रहे रवि नैय्यर के चुनाव कार्यालय की वह जगह, जहां पर तीन गौवंश की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर के चुनाव कार्यालय में पिछले दिनों तीन गोवंश की मौत का मामला एक बार फिर तूल पकड़ गया है। अधिवक्ता आयुष मल्ल ने जयपुर स्थित न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 9 न्यायालय जयपुर मेट्रो प्रथम में खुद व्यक्तिगत रूप से पार्टी इन पर्सन बनकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी (एस.आई.टी.) के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया है। ताकि तीनों गौवंश की संदिग्ध मौत के इस मामले की संपूर्ण जांच की न्यायालय द्वारा निगरानी, मॉनिटरिंग एवं जांच हो सके। उन्होंने मोतीडूंगरी थाना पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक की गई जांच रिपोर्ट भी पेश की है।

अधिवक्ता आयुष मल्ल ने बताया कि आदर्श नगर भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर के चुनाव कार्यालय में तीन गौवंश की संदिग्ध मौत हुई थी। जिसे लेकर

- **आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर के चुनाव कार्यालय में मृत मिले थे गौवंश**
- **इस घटना के बाद रवि नैय्यर ने विपक्षी उम्मीदवार पर गौवंश की हत्या का शक जताते हुए एफ.आई.आर. दर्ज कराई थी**
- **मोतीडूंगरी पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर तमाम लोगों से पूछताछ की थी, लेकिन अब तक दोषियों का पता नहीं लगा पाई**

खुद रवि नैय्यर ने विपक्षी उम्मीदवार और उनके लोगों पर गौवंश की हत्या का आरोप लगाते हुए एफ.आई.आर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मृत गौवंश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। घटनास्थल से मृत गौवंश का चारा व खाद्य पदार्थ को जप्त किया गया। मृत गोवंश के केयरटेकर रामचरण से तफ्तीश की जाकर बयान अंतर्गत धारा 161 सीआरपीसी लिए गए। रात के समय में गार्ड मनोहर शर्मा वकालज चंद सोनी से पूछताछ की जाकर बयान दर्ज किए। यहां तक कि खुद भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर के बयान भी पुलिस ने लिए। इसके बाद मौके से कुछ विद्युत तार जब्त किए गए, जिनमें कट लगे हुए थे। पुलिस ने बिजली फिटिंग करने वाले रूपेंद्र सिंह सोलंकी के बयान भी दर्ज किए और नक्शा मौका बनाया। घटनास्थल की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई गई और एफ.एस.एल. टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए थे। केयरटेकर रामचरण ने मृत गोवंश, जिस स्थिति में पड़े हुए थे उसकी वीडियो की पेनड्राइव पेश की थी। केयरटेकर रामचरण की पत्नी दिलबर व रवि नैयर के पुत्र श्री जुबिन नैयर के बयान भी लिए गए।

अधिवक्ता आयुष मल्ल ने बताया कि मृत गौवंश की पोस्टमार्टम के बाद प्राप्त बिसरा को वास्ते निरीक्षक व घटनास्थल से जप्त गौवंश के चारे को भी जांच के लिए एफएसएल में जमा करवाया था। तमाम जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद भी अब तक एफ.एस.एल. की जांच रिपोर्ट नहीं आई है। एडवोकेट आयुष मल्ल ने बताया कि पूरा सनातन समाज गौवंश की हत्या से आहत है और वह इस मामले में गाय माता को न्याय दिलाने के लिए लडाई लडेंगे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाएंगे।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

## पीड़िता गर्भवती हुई तो जेवरात और रूपये लेकर फरार हो गया आरोपी

**जयपुर** । हरमाड़ा थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हुई तो जेवरात और रूपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 27 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाा है कि चार साल पहले उसके पति से तलाक हो गया। तलाक के बाद वह बेटे को लेकर पीहर में रहने लगी। इस दौरान उसकी मुलाकात नौरतमल बागरिया से हुई और आरोपित ने जान-पहचान का फायदा उठाते हुए बच्चे की देखभाल के लिए शादी करने का झांसा दिया। उसके परिजनों को विश्वास दिलाने के लिए रामनारायण गुर्जर से मिलवाया।

रामनारायण ने विश्वास दिलाया कि नौरतमल उससे शादी कर खुश रखेगा। आरोपी ने विश्वास जीतकर शादी करने के बदले लाखों रुपए के जेवरात और तीन लाख रुपए ले लिए। इसके बाद उसे घर पर बिना बताए साथ ले गया और शादी का झांसा देकर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर देहशोषण किया। तीन महीने की गर्भवती होने का पता चलने पर आरोपी नौरतमल उसे घर पर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की ओर से दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# प्रदेशभर में जोड़े जाएंगे पात्र मतदाताओं के नाम

## 199 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 6 जनवरी से

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश के ऐसे मतदाता जिनकी उम्र एक जनवरी, 2024 को 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है और जिनका नाम मतदाता में सूची नहीं है, ऐसे सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए निर्वाचन विभाग 6 जनवरी से प्रदेश की 199 विधानसभा क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाएगा। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने के कारण सिर्फ वहां पर यह कार्यक्रम नहीं होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों द्वारा एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा, दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे। 2 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा एवं मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी, 2024 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया है। इस अवधि के दौरान अर्हता पूरी करने वाले पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और जिनके विवरण में कोई संशोधन या कमी है वे भी दुरुस्त करवा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल एजेंटों की मदद से अधिकाधिक नाम जुड़वाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बीएलओ की मदद से दोहरे नामों और दोहरी प्रविष्टियों को भी चिन्हित करें ताकि ऐसे नामों का सत्यापन कर मतदाता सूची से हटाया जा सके।

- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पात्र मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में नाम जुड़वाने का आव्हान किया**
- **नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए भरने होंगे अलग-अलग फॉर्म**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता दिनांक एक जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में जोड़ने का कार्य प्रारम्भ होगा। साथ ही अर्हता तिथि एक अप्रेल, एक जुलाई एवं एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाता भी नाम जोड़ने के लिए प्रारूप प्रकाशन की तिथि से अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। इसके अंतर्गत आमजन विभिन्न ऑनलाईन माध्यम यथा वोटर हैल्पलाईन मोबाईल एप, बीएलओ एप एवं निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 एवं प्रविष्टियों में संशोधन, निवास स्थानान्तरण, डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र तथा विशेष योग्य जन संबंधी चिन्हीकरण के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन कर सकेंगे।

गुप्ता ने यह भी बताया कि फार्म नं. 8 का उपयोग कर मतदाता अपनी प्रविष्टि के साथ अपना यूनिक मोबाईल नम्बर भी मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकते हैं। ऐसे मतदाताओं, जिनके यूनिक मोबाईल नम्बर मतदाता सूची में पंजीकृत हैं उन्हें विभाग द्वारा ई-सेवायें प्रदान की जाती एवं वे ई-ईपिक भी डाउनलोड कर सकते हैं।

## सार-समाचार

### जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल का आगाज



**जयपुर** । सिटी पैलेस, जयपुर में एजुकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स थीम पर जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल (जेएचएफ) 2023 आयोजित किया जा रहा है। धारव हाई स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा भगवान कृष्ण को समर्पित भजन के साथ इसकी आज शुरुआत हुई। इस फेस्टिवल में जयपुर के 17 स्कूलों और जयपुर के बाहर (दिल्ली, अहमदाबाद, वाराणसी व हैदराबाद) के 20 से अधिक स्कूलों के 1500 स्टूडेंट्स ने भाग ले रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत सनबीम स्कूल, वाराणसी द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती प्रस्तुत की गई। इसके अंतर्गत बीस बच्चों ने दर्शकों के समक्ष दीयों, घंटियों, चौकी और कुंडों के साथ आरती की, जिसमें गंगा की कहानी की झलक देखने को मिली। इसकी शुरुआत में जयपुर के स्मारकों से जुड़े विभिन्न स्मारकों के वाराणसी प्रोजेक्ट्स की तीन मिनट की फिल्म दिखाई गई। मॉडर्न स्कूल, जयपुर के स्टूडेंट्स की ओर से जगत शिरोमणि मंदिर और पन्ना मीना की बावड़ी पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, वहीं सुबोध पब्लिक स्कूल, रामबाग ने डॉक्यूमेंट्री और कठपुतली नृत्य के माध्यम से अल्बर्ट हॉल म्यूजियम के विविध पहलुओं को प्रस्तुत किया। सिटी पैलेस जयपुर में यह फेस्टिवल 8 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक जारी रहेगा, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### कैनवास पर उकेरी आकृतियां



**जयपुर** । जयपुर में बरसों तक म्यूजियम विशेषज्ञ रहे इतिहासकार मोहनलाल गुप्ता विजयवर्गीय की याद में मंगलवार को 5 दिवसीय चित्रकार शिविर की शुरुआत हुई। जलमहल के पास स्थित पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय स्मृति म्यूजियम में शुरू हुए इस शिविर का उद्घाटन जाने--माने लेखक, पत्रकार और चित्रकार विनोद भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्वेता विजयवर्गीय, प्रियंवदा, अनंत और वेदांत भी मौजूद रहे। पांच दिवसीय इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न शहरों में साधनारत् नए और पुराने कलाकार शिरकत करने के लिए आए हैं। इस दौरान ये सभी कलाकार अपनी अपनी सोच से फिगरेटिव कला को जीवंत करेंगे। शिविर में जयपुर से ही नहीं अलग-अलग शहरों से भाग लेने के लिए प्रतियोगी शामिल हुए। अजमेर, कोटा, चूरू और भी कई शहरों से आये कलाकारों में काफी उत्साह नजर आ रहा था। राजस्थान यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी तान्या और सत्यवान ने बताया कि ऐसे शिविर कलाकारों में ऊर्जा भर देते हैं। कोटा से आई कृतिका ने बताया कि यहां आकर अलग-अलग आर्टिस्ट से मिलना सुकून से भर रहा है। जयपुर से रेखा अग्रवाल मंडाणा शैली को ही एक नए अंदाज में कैनवास पर उतार रही थी। वहीं मीना जैन फड़ शैली में लोक कला को उकेरने में तल्लीन रही।

### विधायकों को बधाई दे रहे कार्यकर्ता

**जयपुर** । प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम आने के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों के आने का दौर जारी है। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एंव संगठन महामंत्री चंद्रशेखर से मुलाकात कर बधाई दी और संगठन का आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी, नगर से विधायक जवाहर सिंह बेढम, डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह, नवलगढ़ विधायक विक्रम जाखल, कठूमर विधायक रमेश खींची, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्र पाल मीणा, नावां विधायक विजय सिंह चौधरी, जायल विधायक मंजू बाघमार, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, भीम विधायक हरीसिंह रावत, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग, लूणी विधायक जोगाराम पटेल, कामां से विधायक नौक्षम चौधरी और कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, खंडार जितेन्द्र गोठवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी और मिठाईयां बांटी।

### शास्त्रीय संगीत उत्सव कल से

**जयपुर** । जवाहर कला केन्द्र की ओर से कला संसार मधुरम के अंतर्गत 7 और 8 दिसंबर को शास्त्रीय संगीत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय उत्सव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 7 दिसंबर को सायं 4:30 बजे से शिल्पग्राम के जयपुर हट में संवाद प्रवाह होगा। इसमें डॉ. अंकित पारिख, ललित शर्मा अकिंचन, डॉ. राजेश व्यास साहित्य की सांगीतिक सर्जना और उसकी सर्वकालिक समसामयिक भूमिका विषय पर प्रकाश डालेंगे। प्रो. डॉ. मधु भट्ट तैलंग मॉडरेटर रहेंगी। सायं 6 बजे रंगायन सभागार में डॉ. श्याम सुंदर शर्मा ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति देंगे। उत्सव के दूसरे दिन 8 दिसंबर सायं 6 बजे रंगायन सभागार में विक्रम श्रीवास्तव ख्याल गायन प्रस्तुत करेंगे। उत्सव में निःशुल्क प्रवेश ले सकेंगे। शास्त्रीय संगीत उत्सव के साथ ही केन्द्र के नए प्रयास पाक्षिक संगीत संध्या कार्यक्रम की शुरुआत होने जा रही है।

### पुलिस की ई-चालान मशीन चोरी

**जयपुर** । मुरलीपुरा थाना इलाके में ट्रैफिक पुलिस की ई-चालान मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस के एएसआई रामनिवास ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस में तैनात एएसआई रामनिवास मीणा ने मामला दर्ज करवाया है कि 3 नवंबर को ड्यूटी के दौरान 5 नंबर पुलिया के ऊपर 200 फीट एक्सप्रेस हाईवे से 14 नंबर की तरफ दो ट्रकों में एक्सीडेंट हो गया था। सूचना मिलने पर वह अपने साथी पुलिस कांस्टेबल सुभाष के साथ मौके पर पहुंचे और गाड़ियों को मौके से हटाकर रास्ता सुचारू करने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान कांस्टेबल सुभाष के पास ई-चालान मशीन थी। मशीन को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो। इसलिए उसने अपनी बेल्ट से मशीन को निकालकर बाइक की सीट पर रख दिया। कुछ देर बाद जब ट्रैफिक सुचारू हो गया तो दोनों बाइक के पास पहुंचे तो मशीन गायब थी। काफी जगह तलाश करने में नहीं मिलने पर ट्रैफिक पुलिस के एएसआई थाने पहुंचा और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

### सहकर्मी ने किया महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** । कानोता थाना इलाके में एक सहकर्मी के महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि घर मिलने आने पर आरोपी सहकर्मी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपित ने शादी करने का वादा किया। इसके बाद से आरोपी शादी करने का झांसा देकर ढाई साल तक देह शोषण करता आ रहा। इस संबंध में पीडिता ने थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि कानोता निवासी 36 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि करीब ढाई साल पहले नौकरी के दौरान उसकी मुलाकात रामधन से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने नजदीकियां बढ़ाई और फिर घर पर मिलने आने के साथ घूमने-फिरने जाने लगा। पीडिता का आरोप है कि घर में अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।